में उत्तर प्रदेश में बैंक शाखायें खोलने के लिये क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को 302 लाइसेंस जारी किये गये थे ।

(ग) सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक उत्तर प्रदेश में वाणिज्यिक बैंकों द्वारा निवेश की गयी प्रति व्यक्ति राशि 249 रुपये के राष्ट्रीय औसत के मुकाबले में 207 रुपये थी ।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से प्राप्त ऋण

902. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ष 1993–94 के लिये भारत को ऋण के रूप में कितनी धनराशि स्वीकृत की है ;

(ख) उक्त ऋण सहित भारत पर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा प्रदत्त ऋण की कुल कितनी धनराशि बकाया है ; और

(ग) ये ऋण किन निबन्धनों और शर्तों के आधार पर उपलब्ध किये गये हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबार अहमद) : (क) 31 अक्तूबर, 1991 को वैकल्पिक व्यवस्था के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के गवर्नर बोर्ड द्वारा 16560 लाख विशेष आहरण अधिकार (एस०डी०आर०) की राशि स्वीकृत की गई थी । 18 फरवरी, 1993 की स्थिति के अनुसार हमने 14250 लाख विशेष आहरण अधिकार (एस०डी०आर०) पहले ही आहरित कर लिये हैं ? 2310 लाख एस०डी०आर० की राशि अभी शेष है, जिसे मई, 1993 में आहरित करने की योजना है ।

(ख) 2 मार्च, 1993 तक की स्थिति के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का कुल बकाया ऋण 34330055 लाख एस०डी०आर० हैं ।

(ग) इस ऋण को बारह बराबर आहरण की तारीख से 3 वर्ष 3 महीने बाद से शुरू करके आठ बराबर तिमाही किश्तों में परिवर्तनीय ब्याज दर पर दी जाती है जिसे कतिपय समायोजनों सहित प्रचलित एस०डी०आर० ब्याज दर के आधार पर समय-समय पर निर्धारित किया जाता है, और इस पांचवें वर्ष में पूरा कर दिया जाता है । आजकल ब्याज दर 6.58 प्रतिशत है ।

India's Export Earning

903. SHRI B. K. HARIPRASAD: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that country's export growth is not catching up as targetted; and

(b) if so, whether this will adversely affect the Balance of Payment position with the imminent danger of debt trap?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): (a) Against the target of US dollar 20 billion for 1992-93, exports during April-December 1992 were of the order of US dollar 16.6 billion. Exports during the full year 1992-93 are not likely to exceed US dollar 19 billion.

(b) The balance of payments' current account deficit for 1992-93 estimated to be around US dollar 7 billion reflects the revival of imports to more normal levels. This deficit is being financed through a combinatton of traditional financing sources and exceptional financing.